# साहित्य अकादमी दिल्ली के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से संस्कृति पर की चर्चा



रायपुर| सीएम हाउस में रविवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से साहित्य अकादमी दिल्ली के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक और सचिव श्रीनिवासन ने मिलकर प्रदेश की साहित्यिक व सांस्कृतिक गतिविधियों तथा आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गुजरात, हरियाणा की तर्ज पर प्रदेश में भी आदिवासी कला, संस्कृति व साहित्य पर इनसाइक्लोपीडिया का प्रकाशन होगा। सीएम के साथ चर्चा में छत्तीसगढ़ और दिल्ली की अकादमियों के पदाधिकारियों ने यह तय किया है। छत्तीसगढ़ के 25 साल पूरे होने पर कार्यक्रम होंगे। सरकार के साथ मिलकर दोनों अकादमियां सहयोग करेंगी। प्रदेश के अप्रकाशित साहित्य, लेख, आलेख, कहानियों, पांडुलिपियों आदि का डाक्यूमेंटेशन होगा। इस अवसर पर शशांक शर्मा, पंकज झा और अमित चिमनानी भी मौजूद थे।